PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

'एक राष्ट्र अपने शासकों से नहीं बल्कि अपने नागरिकों से बनता है।'
-डा. भीम राव अंबेडकर

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | रविवार, 22 नवंबर, 2026, साल-2, अंक-116, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

पीएम नरेंद्र मोदी का बिहार दौरा

प्रधानमंत्री मोदी ने नीतीश सेतु का उद्घाटन किया

गमछा लहराया : कहा-जिस बिहार में घोटालों की गिनती होती थी, वहां अब निवेश के आंकड़े आते हैं

पटना, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल का नाम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर 'नीतीश सेतु' रखा गया है। यह पुल पटना जिले के कच्ची दरगाह को वैशाली जिले के बिदुपुर से जोड़ता है। परियोजना की कुल लंबाई करीब 19.7 किलोमीटर है, जिसमें लगभग 9.7 किलोमीटर मुख्य पुल और 10 किलोमीटर संपर्क सड़कें शामिल हैं।

इसके निर्माण पर करीब 4,280 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन आसान होने और महात्मा गांधी सेतु व जेपी सेतु पर यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के वैशाली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने लंबी यात्रा तय कर विकास की नई दिशा पकड़ी है। एक समय था जब राज्य के



हजारों गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, लेकिन आज बिहार बिजली उत्पादन का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के शासन में बिहार में विकास की रफ्तार बढ़ी है और इसका असर राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शहरी यातायात को सुविधाजनक बनाने के लिए 100 आधुनिक पीएम ई-बसों को हरी झंडी दिखाई गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हजारों गरीब परिवारों को पक्के घरों की चाबियां भी सौंपी गई हैं। उन्होंने इन विकास कार्यों के लिए बिहार की जनता को बधाई दी। पीएम मोदी ने बिहार की पिछली और मौजूदा सरकारों के कामकाज की तुलना करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एनडीए शासन से पहले बिहार में घोटालों की गिनती होती थी

(शेष पेज 2 पर)

नीतीश को गले लगाया, पुल पर टहलते हुए गमछा लहराया

बिहार दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शनिवार को एक अलग अंदाज देखने को मिला। वैशाली में नीतीश सेतु के उद्घाटन के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गले लगाया। इसके बाद दोनों नेता कार्यक्रम में शामिल हुए।



उद्घाटन के बाद पीएम मोदी पुल पर टहलते नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपना गमछा लहराकर लोगों का अभिवादन भी किया। प्रधानमंत्री के दौरे और नीतीश सेतु के उद्घाटन की कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें दोनों नेताओं की मुलाकात से लेकर पुल पर पीएम के खास अंदाज तक के दृश्य दिखाई दे रहे हैं।

लखनऊ में आई.टी.आई. स्टूडेंट्स के दीक्षांत में कहा-

कोई ए.आई. आपका रोजगार नहीं छीन सकता : पीएम मोदी

- **जिसके पास स्किल, उसकी जरूरत हमेशा रहेगी**

लखनऊ, 21 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को लखनऊ में चल रहे 5वें राष्ट्रीय कौशल दीक्षांत समारोह में शिरकत की। पीएम ने यहां देशभर से आए नेशनल टॉपर्स को सम्मानित किया। पीएम ने कहा कि कहा- आई.टी.आई. में सीखा आपका हुनर आज भारत की ऊर्जा, आप ही विकसित भारत बनाएंगे। ये बात अच्छे से समझ लीजिए, जिसके पास स्किल है उसका रोजगार कोई नहीं छीन सकता। इससे पहले पीएम मोदी ने सीएम योगी से बात की। योगी आज ही हरिद्वार में अपनी मां सावित्री देवी का अंतिम संस्कार कर दोपहर में लखनऊ पहुंचे।

मोदी ने कहा कि कितना ही बड़ा डॉक्टर क्यों न हो, आपके बिना एक भी मरीज ठीक नहीं हो सकता। ये ताकत आपके पास है, मैं आपको उसका एहसास दिलाने निकला हूं। सम्मान करने निकला हूं। उसकी पूजा करने निकला हूं, क्योंकि मैं जानता हूं आईटीआई आने वाले भविष्य की गौरवगाथा लिखने वाला है। आप हर दिन सुनते हैं फलां



देश से ट्रेड एग्रीमेंट हुआ, ये सब आपके लिए ही हो रहा है। मेरा प्रयास है कि आईटीआई कस्टिकुलम भी बदले, ट्रेनर भी बदले, मशीनें बदले, ट्रेनर भी नई टेक्नोलॉजी सीखें। इसका बहुत बड़ा लाभ आपको होने जा रहा है। स्किल्ड वर्कर्स के लिए रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। जब आप कोई हुनर सीखते हैं तब मशीनों पर काम नहीं करते, आप लोगों की जिंदगी आसान बनाते हैं। देश का सामर्थ्य बढ़ाते हैं। एक वक्त था, देश फोन इंपोर्ट करता था। आज दुनियाभर में भारत का बना फोन जा रहा है। मैन्युफैक्चरिंग कैपिसिटी आपके कारण बढ़ती है, इसलिए आईटीआई को इतना महत्व

(शेष पेज 2 पर)

अमृतपाल सिंह ने कड़ी सुरक्षा के बीच अपनी दादी के अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया; भारी भीड़ जुटी

- **3 साल 7 महीने से अधिक समय बाद अपने परिवार से मिलने पर, अमृतपाल ने हाथ जोड़कर 'संगत' का आभार व्यक्त किया**

अमृतसर, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

खडूर साहिब लोकसभा सांसद अमृतपाल सिंह की दादी, माता चरण कौर का आज उनके पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में अंतिम संस्कार किया गया। सूत्रों के अनुसार, अंतिम संस्कार परिवार की पैतृक कृषि भूमि पर हुआ, जहां लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में विशेष इंतजाम किए गए थे। कस्टडी पैरोल पर आए अमृतपाल सिंह पुलिस सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद रहे; इस मौके पर उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों का आभार जताया। इससे पहले, माता चरण कौर के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक घर से एक सजाई गई ट्रॉली में अंतिम संस्कार स्थल तक ले जाया गया।

परिवार के सदस्यों, 'वारिस पंजाब दे' संगठन के पूरे नेतृत्व और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व पार्टी समर्थकों ने इस अंतिम यात्रा में भाग



लिया और दिवंगत आत्मा को नम आंखों से विदाई दी। पार्टी नेता शमशेर सिंह पधारी ने बताया कि रागी जत्थों ने अत्यंत भावपूर्ण गुरबानी कीर्तन किया। इसके अलावा, भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए, चार अलग-अलग जगहों पर पार्किंग और लंगर के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वहीं, सांसद अमृतपाल सिंह के आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पूरे गांव को एक किले में तब्दील कर दिया; सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए और रास्तों पर कई जगहों पर चेकपॉइंट बनाए गए।

अमृतपाल सिंह सुरक्षाकर्मियों के साथ एक बख्तरबंद पुलिस वाहन में गांव पहुंचे। गौरतलब है कि अमृतसर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने

(शेष पेज 2 पर)

अमेरिका में भारतीय नागरिक को 19 साल सजा

- **निखिल गुप्ता खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश में दोषी, कोर्ट में पन्नू से माफी मांगी**

न्यूयॉर्क, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमेरिका की एक अदालत ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में 19 साल 7 महीने जेल की सजा सुनाई है। 55 साल के निखिल ने इस साल की शुरुआत में हत्या के लिए सुपारी देने, हत्या की साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप कबूल कर लिए थे।

शुक्रवार को सजा सुनाए जाने के दौरान निखिल ने कोर्ट में पन्नू से माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने किए का अफसोस है और वे इसे बदल नहीं सकते। न्यूयॉर्क की सदर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज विक्टर मारेरो ने करीब 80 मिनट की सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। निखिल ने कहा- पन्नू और सिख समुदाय से माफी



मांगता हूं निखिल ने कोर्ट में करीब 6 मिनट तक अंग्रेजी में अपनी बात रखी। उन्होंने महात्मा गांधी, मदर टेरेसा, नेल्सन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग का जिक्र करते हुए कहा कि वे इन नेताओं के बताए रास्ते पर चलना चाहते थे।

इसके बाद उन्होंने पन्नू की तरफ देखकर कहा, 'मैंने जो किया, उसे बदल नहीं सकता। मैं पन्नू, सिख समुदाय और इससे जुड़े लोगों से माफी मांगता हूं। मुझे अफसोस है।'

(शेष पेज 2 पर)

सोने-चांदी की कीमतों में फिर गिरावट; सोना 3,874 रुपये और चांदी 8,651 रुपये सस्ती हुई

सोने और चांदी की कीमतों में और गिरावट की संभावना



चंडीगढ़, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। शनिवार को भी इन दोनों कीमती धातुओं के भाव में भारी कमी दर्ज की गई।

रिपोर्ट्स के अनुसार, 24 कैरेट सोने की कीमत में 3,874 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई, जिससे इसका भाव 1,28,042 रुपये हो गया। इसी तरह, चांदी की कीमत में 8,651 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई और यह 1,53,731 रुपये पर आ गई। इस गिरावट से उन लोगों को कुछ राहत मिली है जो गहने खरीदने की योजना बना रहे हैं। ऑल इंडिया बुलियन एसोसिएशन के 21 नवंबर के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले हफ्ते से ही सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,17,286 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। चांदी की कीमत में एक ही दिन में 5.33 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि 24 कैरेट सोने में 2.94 प्रतिशत की कमी देखी गई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। पिछले एक हफ्ते में वैश्विक स्तर पर

(शेष पेज 2 पर)

शेयर बाजार में बड़ी तेजी के आसार

पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा। सेंसेक्स में 2,300 अंकों से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। पीएसयू बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा 6.72% की तेजी आई, जबकि मेटल शेयरों में 2.94% की गिरावट देखी गई। बाजार ने निफ्टी के लिए 25,500 और सेंसेक्स के लिए 83,000 के अहम स्तरों को पार कर लिया है। जब तक बाजार इन स्तरों के ऊपर बना रहता है, तब तक इसमें और तेजी आ सकती है। निफ्टी 26,000-26,300 के स्तर तक पहुंच सकता है, और सेंसेक्स 84,500 से 85,000 के बीच जा सकता है। फिलहाल सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव है। फेडरल रिजर्व के सख्त रुख, डॉलर के मजबूत होने और AI से जुड़े शेयरों में बिकवाली के कारण कैश की मांग बढ़ गई है, जिससे सोने और चांदी की



(शेष पेज 2 पर)

बांग्लादेश में हसीना समर्थकों के 50 घर जलाए

- **पीएम रहमान के पार्टी लीडर्स की हत्या के बाद हिंसा, पूर्व सांसदों के घरों पर भी हमला**

ढाका, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

बांग्लादेश में हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। नराइल जिले में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के नेताओं, पूर्व सांसदों और समर्थकों के करीब 50 घरों और दुकानों में आग लगा दी गई। घटना शुक्रवार को कालिया उपजिला के बेंदर चार गांव में हुई। हमलावरों ने कई घरों में तोड़फोड़ की और वहां रखा फर्नीचर, कीमती सामान और दूसरी चीजें लूट लीं।

पूर्व पीएम शेख हसीना देश लौटने की बात कह चुकी हैं। इसके बाद से ही तनाव बढ़ गया है। बीते दिनों हुई हिंसा में पीएम तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी के दो नेताओं की हत्या हुई थी।

ग्रीस में पंजाबी मूल के दो भाइयों की हत्या

- **दलजीत सिंह और गुरविंदर सिंह के शव अमृतसर पहुंचे; परिवार ने मानसिक प्रताड़ना और धमकियों का आरोप लगाया**



फगवाड़ा, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के जालंधर जिले के तलवंडी संघेरा गांव के दो भाई-जो रोजगार की तलाश में विदेश गए थे-की ग्रीस में हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान दलजीत सिंह (26) और गुरविंदर सिंह (23) के रूप में हुई है। हत्या के 18 दिन बाद, शुक्रवार को उनके शव अमृतसर हवाई अड्डे पहुंचे। शनिवार को उनके गांव में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में दोनों भाइयों का अंतिम संस्कार किया गया।

मृतकों के पिता, बूटा सिंह ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी। उन्हें उम्मीद थी कि उनके दोनों बेटे विदेश में काम करेंगे और परिवार की मुश्किलें कम करने में मदद करेंगे। लगभग आठ महीने पहले, संदीप सिंह नाम के एक दूर के रिश्तेदार ने परिवार को दलजीत को वर्क परमिट पर ग्रीस भेजने के लिए राजी किया। इसके लिए परिवार ने कर्ज लेकर पैसों का इंतजाम किया।

दलजीत के ग्रीस पहुंचने के लगभग पांच महीने बाद, वह अपने छोटे भाई गुरविंदर को भी वहां ले गया। गुरविंदर लगभग तीन महीने पहले ग्रीस पहुंचा था। दोनों भाई वहां एक सुआर फार्म

(शेष पेज 2 पर)


भारत में ब्याज दरें कम, इसलिए 7% विकास दर : राष्ट्रपति ट्रम्प

- **हम घटाएं तो 15% ग्रोथ संभव; अमेरिका में 4% इंटरेस्ट रेट, भारत से 1.5% कम**

वॉशिंगटन, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत की 7% जी.डी.पी. ग्रोथ का उदाहरण देकर अपने देश के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भारत में ब्याज दरें कम हैं, इसलिए उसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। अगर अमेरिका में भी ब्याज दरें कम रखी जाएं तो वहां की ग्रोथ 15 से 20% तक पहुंच सकती है।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि जब भी अमेरिका के आर्थिक आंकड़े अच्छे आते हैं तो फेडरल रिजर्व ब्याज दरें बढ़ा देता है। जबकि ऐसे समय में दरें कम होनी चाहिए, ताकि कारोबार और निवेश



को बढ़ावा मिले।

हालांकि भारत में RBI की रेपो रेट 5.50% है, जबकि अमेरिका में फेडरल रिजर्व की ब्याज दर 3.75% से 4% के बीच है।

ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व को राजनीतिक बताते हुए कहा कि वह ब्याज दरों को लेकर सही फैसला नहीं ले रहा है।

उनके मुताबिक, जब देश की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही हो तो ब्याज दरें कम करनी चाहिए। इससे कंपनियों और लोगों के लिए कर्ज लेना सस्ता होगा और आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

(शेष पेज 2 पर)

पिछले 5 साल में भारत की ग्रोथ 7% ज्यादा

भारत की अर्थव्यवस्था पिछले पांच साल से लगातार 7% से ज्यादा की रफ्तार से बढ़ रही है। 2021-22 में जी.डी.पी. ग्रोथ करीब 9% रही थी। इसके बाद भी विकास दर 7% से ऊपर बनी रही। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.6% की दर से बढ़ी। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से तुलना करें तो भारत की ग्रोथ काफी तेज है। चीन की अर्थव्यवस्था करीब 4.5 से 4.8%, अमेरिका की 2.1 से 2.3% और यूरोप की करीब 1% की रफ्तार से बढ़ रही है। भारत की तेज ग्रोथ के पीछे घरेलू बाजार में बढ़ती मांग, सड़क-रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च और सर्विस सेक्टर का बड़ा रोल है।

पंजाब में 75 एम.जी. से अधिक क्षमता वाली प्रीगाबालिन की बिक्री पर रोक

रूपनगर, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब सरकार ने 75 मिलीग्राम से अधिक क्षमता वाली दवा 'प्रीगाबालिन' की बिक्री और स्टॉक करने पर रोक लगा दी है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त आयुक्त (दवा) संजीव कुमार द्वारा 20 नवंबर को जारी एक आदेश के अनुसार, अब कोई भी थोक या खुदरा केमिस्ट, वितरक या स्टॉकिस्ट, लाइसेंसिंग अथॉरिटी की पूर्व अनुमति के बिना 75 द्वद्व से अधिक क्षमता वाली प्रीगाबालिन का स्टॉक नहीं रख सकेगा।

सरकार ने यह फैसला इस दवा के नशे के रूप में हो रहे दुरुपयोग को रोकने के लिए लिया है। पंजाब में दवाओं के दुरुपयोग को लेकर बढ़ती चिंताओं और परविंदर झोटा हत्याकांड के बाद, यह मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। हालांकि, सरकार ने कहा है कि कुछ चुनिंदा मेडिकल स्टोरों को इस दवा को बेचने की अनुमति दी जाएगी, ताकि



जिन मरीजों को वास्तव में इसकी जरूरत है, उन्हें यह दवा मिलती रहे। हालांकि, मरीजों को दवा प्राप्त करने में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस फैसले से उन मरीजों की चिंताएं बढ़ गई हैं, जो डॉक्टर की सलाह पर प्रीगाबालिन की अधिक खुराक ले रहे हैं। स्टेट केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुदर्शन चौधरी के अनुसार, डॉक्टर मधुमेह के कारण होने वाली नसों की क्षति से पीड़ित मरीजों को रोजाना 900 द्वद्व तक प्रीगाबालिन लेने की सलाह देते हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों के मरीज अब यह दवा लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मेडिकल स्टोरों तक जा रहे हैं, क्योंकि वहां इसकी बिक्री पर ऐसी कोई पाबंदी नहीं है।



ब्रिटिश कोलंबिया कैबिनेट में सात पंजाबी शामिल

- **तीन मंत्री और चार संसदीय सचिव बने; अहम विभाग नहीं मिले**

वैंकूवर, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ब्रिटिश कोलंबिया के मध्यावधि चुनावों में भारी जीत हासिल करने के लगभग एक महीने बाद, कंजर्वेटिव पार्टी ने आज अपनी सरकार बना ली है। प्रीमियर लॉर्न डॉर्कसेन सहित 24 मंत्रियों और 12 संसदीय सचिवों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस प्रशासन में सात पंजाबियों को जगह मिली है, जिनमें तीन मंत्री और चार संसदीय सचिव शामिल हैं।



विभागों के बंटवारे पर नज़र डालें तो पता चलता है कि पंजाबियों को मुख्य और हाई-प्रोफाइल विभागों से काफी हद तक दूर रखा गया है। जेसी सहोता को सॉलिसिटर जनरल और सार्वजनिक सुरक्षा विभाग सौंपा गया है; जीशान वाहला को आवास राज्य मंत्री बनाया गया है; और हरमन भंगू को श्रम राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है। इसी तरह, चार संसदीय सचिवों में से स्टीव कूनर को बीमा निगम की देखरेख का जिम्मा दिया गया है। मनदीप धालीवाल को खेल और सांस्कृतिक मामलों की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि जोडी टूर को पर्यटन विभाग सौंपा गया है। हरज धालीवाल को सार्वजनिक परिवहन प्राधिकरण, 'ट्रांसलिंक' की देखरेख का

(शेष पेज 2 पर)

मुंबई-हैदराबाद समेत 3 शहरों के मेटा ऑफिस में तोड़फोड़-हंगामा

- **4 पर एफआईआर; यूथ कांग्रेस बोली- भाजपा के कहने पर नेताओं के अकाउंट सस्पेंड किए**

मुंबई/हैदराबाद/मुंबई, 21 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

हैदराबाद, मुंबई और गुरुग्राम में मेटा के ऑफिसों के बाहर प्रदर्शन और तोड़फोड़ के मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। मुंबई पुलिस ने शनिवार को यूथ कांग्रेस के चार नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार को विपक्षी नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट सस्पेंड किए जाने के खिलाफ तीन शहरों में मेटा ऑफिसों के बाहर प्रदर्शन किया था। हैदराबाद में प्रदर्शनकारी मेटा ऑफिस के अंदर घुस गए और वहां तोड़फोड़ की। मुंबई में प्रदर्शन के दौरान बिल्डिंग के शीशे पर 'आरएसएस का बेटा मेटा' लिखा



गया। वहीं, गुरुग्राम में प्रदर्शनकारियों ने ऑफिस के मेन गेट पर ताला लगा दिया।

यूथ कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के इशारे पर मेटा ने 19 नवंबर को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब और राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा के इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिए थे। संगठन ने मेटा को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। उसका कहना है कि अगर इस दौरान विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और कंटेंट क्रिएटर्स के अकाउंट पर लगी पाबंदियां नहीं हटाई गईं तो देशभर में मेटा ऑफिसों के बाहर प्रदर्शन किए जाएंगे। मुंबई के बीकेसी स्थित वर्ल्ड वन

(शेष पेज 2 पर)

मोहाली में आधे घंटे के भीतर दो जगहों पर फायरिंग

- **दोनों घटनाओं के पीछे रंगदारी मांगने की कोशिश का शक**

चंडीगढ़/मोहाली, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

आज मोहाली में आधे घंटे के भीतर फायरिंग की दो घटनाएं हुईं, जिससे पूरे शहर में दहशत फैल गई। मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश युवकों ने सेक्टर 79 के एक सैलून और फिर फेज 11 में एक आर्किटेक्ट-जो रियल एस्टेट के कारोबार से भी जुड़े हैं-के घर को निशाना बनाया। दोनों घटनाओं में कोई घायल नहीं हुआ। पहली घटना सेक्टर 79 के 'हेयर मास्टर्स' सैलून में हुई। दोनों युवकों ने अपनी मोटरसाइकिल कुछ दूर खड़ी की, पैदल सैलून तक पहुंचे और उसके कांच के दरवाजे पर गोली चला दी। गोली लगने से कांच टूट गया। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस को घटनास्थल से एक खाली कारतूस मिला है।

पंजाब गौ सेवा आयोग ने गौवंश कल्याण, गौशालाओं को सहायता और तस्करी रोकने के उपायों की समीक्षा की

• गवर्निंग बॉडी ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान का गौवंश संरक्षण एवं गौशालाओं के कल्याण के लिए निरंतर सहयोग और महत्वपूर्ण पहलों हेतु जताया आभार



साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 21 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब गौ सेवा आयोग की गवर्निंग बॉडी की एक आपात बैठक वन भवन, सेक्टर-68, साहिबजादा अजीत सिंह नगर स्थित आयोग के मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में राज्यभर में गौवंश की देखभाल, कल्याण, सुरक्षा तथा गौशालाओं के प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान गवर्निंग बॉडी ने मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा गौवंश के संरक्षण, गौशालाओं को आर्थिक सहायता, बिजली बिलों की माफी, आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता तथा पशुओं के बेहतर रखरखाव के लिए उठाए गए कदम अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निरंतर सहयोग और सकारात्मक दृष्टिकोण से गौशालाओं के प्रबंधन को मजबूती मिली है तथा गौवंश की देखभाल करने वाली संस्थाओं को बड़ी राहत मिली है।

पंजाब गौ सेवा आयोग अधिनियम, 2014 की धारा 11 के तहत आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता आयोग के उपाध्यक्ष श्री कीमती भगत ने की। उन्होंने मुख्यमंत्री और पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गौवंश के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों से इस क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहायता मिलेगी।

श्री कीमती भगत ने बताया कि राज्य की लगभग 538 पंजीकृत गौशालाओं के बिजली बिल माफ करने संबंधी औपचारिक अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इससे राज्य सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय राहत प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने 3 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत से गौवंश को सुरक्षित रूप से उठाने वाले विशेष उपकरण खरीदकर सभी पंजीकृत गौशालाओं को उपलब्ध करवाए हैं।

उन्होंने बताया कि पंजीकृत गौशालाओं में पशुओं की देखभाल और चारे आदि की व्यवस्था के लिए पंजाब सरकार द्वारा जल्द ही 61 रुपये प्रति पशु प्रतिदिन के हिसाब से वित्तीय सहायता लागू की जाएगी। यह निर्णय 16 अक्टूबर, 2026 को जालंधर स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान और कैबिनेट मंत्री श्री अमन अरोड़ा के दिशा-निर्देशों के तहत लिया गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य की लगभग 538 पंजीकृत गौशालाओं में लाखों पशुओं की देखभाल गैर-सरकारी संस्थाओं, ट्रस्टों और दानदाताओं के सहयोग से की जा रही है।

पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के संबंध में उन्होंने बताया कि पंजीकृत गौशालाओं के लिए जिला स्तर पर पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त, आने वाले दिनों में गौशालाओं में विशेष पशु चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि पशुओं को समय पर उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में उन्होंने बताया कि पंजाब में गौहत्या, पशु तस्करी और गोमांस के अवैध व्यापार के विरुद्ध सख्त कानूनी प्रावधान लागू हैं। संबंधित अपराधों के लिए 10 वर्ष तक की कैद की सजा का प्रावधान है। इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए राज्य के प्रत्येक जिले में गौ सुरक्षा प्रकोष्ठ स्थापित किए गए हैं तथा इनकी निगरानी के लिए डीएसपी और एसपी स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा जालंधर के लाडोवाली रोड स्थित क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (आर.डी.डी.एल.) को संदिग्ध गोमांस के नमूनों की जांच के लिए निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से गौहत्या और पशु तस्करी से संबंधित मामलों की जांच तथा आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई को और मजबूती मिलेगी। पहले राज्य में ऐसी समर्पित जांच सुविधा उपलब्ध न होने के कारण आरोपियों को सजा दिलाने में कठिनाइयां आती थीं।

उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब सरकार द्वारा पशुपालन विभाग के उप निदेशकों को राज्य के सभी जिलों में जिला गौ कल्याण अधिकारी नियुक्त किया गया है, ताकि जिला स्तर पर गौवंश कल्याण से संबंधित गतिविधियों का बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक में पंजाब सरकार के पशुपालन विभाग के निदेशक एवं आयोग के सदस्य सचिव के अतिरिक्त पशुपालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव, स्थानीय निकाय विभाग के वित्त आयुक्त एवं प्रमुख सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के वित्त आयुक्त एवं प्रमुख सचिव, गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, लुधियाना के कुलपति तथा पंजाब पुलिस के पुलिस महानिदेशक ने पदेन सदस्यों के रूप में भाग लिया। आयोग के गैर-सरकारी सदस्यों में श्री अमित जैन, श्री अरुण वाधवा, श्री साहिल गोयल, श्री जसपाल चेची, श्री गोपी शर्मा, श्री सौरभ बहल और श्री कुलवंत वडाली शामिल थे।

विशेष आमंत्रित सदस्यों में आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रमुख सचिव, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड के प्रतिनिध, परिवहन विभाग और उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव, पशुपालन विभाग के उप निदेशक साहिबजादा अजीत सिंह नगर तथा श्रीमती वीरा देवी, उप नियंत्रक (वित्त एवं लेखा) शामिल थे।

मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027: 22 नवंबर को सभी मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर

• सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ: डीसी आदित्य दचलवाल



साहिबजादा अजीत सिंह नगर, 21 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर)-2027 के तहत पात्र नागरिकों के मतदाता के रूप में पंजीकरण तथा मतदाता सूची में दर्ज विवरणों में संशोधन संबंधी दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 22 नवंबर, 2026 (रविवार) को जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों (52-खरड़, 53-साहिबजादा अजीत सिंह नगर और 112-डेराबस्सी) के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उपायुक्त-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आदित्य दचलवाल ने बताया कि ये विशेष शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और सुपरवाइजर अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर आम नागरिकों को चुनाव संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवाएंगे।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों के सुचारू संचालन और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त इलेक्टोरल रोल ऑब्जर्वर-कम-आयुक्त, रूपनगर मंडल, रूपनगर भी 22 नवंबर (रविवार) को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा करेंगे।

उपायुक्त ने जिले के उन सभी पात्र युवाओं और नागरिकों से अपील की, जो 1 जनवरी, 2027 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, कि वे इन विशेष शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों के दौरान निम्नलिखित फॉर्म भरे जा सकते हैं:

- **फॉर्म नंबर 6: नया वोट बनवाने के लिए।**
- **फॉर्म नंबर 6ए: प्रवासी भारतीय (एनआरआई) मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए।**
- **फॉर्म नंबर 7: मतदाता सूची से नाम हटवाने या किसी प्रविष्टि पर आपत्ति दर्ज करवाने के लिए।**
- **फॉर्म नंबर 8: मतदाता सूची में दर्ज विवरणों में संशोधन, निवास का पता बदलने, मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) दोबारा बनवाने अथवा दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) मतदाता के रूप में पहचान दर्ज करवाने के लिए।**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) से भी अपील की कि वे इन विशेष शिविरों के बारे में आम लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाने से वंचित न रहे। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी या सहायता के लिए नागरिक टोल-फ्री मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

छठी बार सर्वसम्मति से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष चुने गए एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी

• एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के बारे में संक्षिप्त जानकारी



पैग़ाम-ऐ-जगत
अमृतसर (हरमिंदर नागपाल)

शिरोमणि कमेटी के लगातार छठी बार अध्यक्ष चुने गए एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी लंबे समय से इस सिख संस्था के साथ जुड़े हुए हैं। 1956 में जन्मे एडवोकेट हरजिंदर सिंह बी.ए., एल.एल.बी. पास हैं और चार दशकों से वकालत के पेशे से जुड़े हुए हैं। वे 1996 में पहली बार शिरोमणि कमेटी के सदस्य बने और तब से अब तक लगातार सदस्य बनते रहे हैं। वे धर्म प्रचार कमेटी के सदस्य भी रहे और अंतरिम (कार्यकारिणी) सदस्य भी बने।

एडवोकेट धामी 2019 में शिरोमणि कमेटी के महासचिव चुने गए, जिसके बाद 2020 में उन्होंने शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव के प्रशासनिक पद पर सेवाएं निभाईं। उसके बाद नवंबर 2021 में वे पहली बार शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष बने और अब इस पद पर लगातार छठी बार चुने गए हैं। वे सिख सरोकारों की गहरी समझ रखते हैं और एक ईमानदार नेता के रूप में जाने जाते हैं। वे सिख संघर्ष के योद्धाओं के मुकदमों की पैरवी भी करते रहे हैं। एडवोकेट धामी को अपने कार्यकाल के दौरान सिख धर्म के इतिहास की कई शताब्दियां मनाने का अवसर भी मिला। उन्होंने अध्यक्षता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए सिख संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वित्तीय मजबूती पर विशेष ध्यान दिया। शिरोमणि कमेटी की ओर से सिख युवाओं को उच्च प्रशासनिक सेवाओं के लिए प्रोत्साहित और तैयार करने पर उन्होंने विशेष ध्यान दिया, जिसके परिणामस्वरूप 'निश्चय प्रशासनिक सेवा अकादमी' अस्तित्व में आई। यह अकादमी योग्य विद्यार्थियों को मुफ्त में तैयारी करवाने का कार्य कर रही है। एडवोकेट धामी की यह भी विशेषता है कि वे सिख संगठनों के साथ हमेशा तालमेल बनाए रखते हैं, जिसके कारण उन्हें सभी पंथक संगठनों और संस्थाओं का भरपूर सहयोग मिलता है।

जनरल इजलास (आम सभा) के दौरान चुने गए पदाधिकारी-

अध्यक्ष: एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी

- वरिष्ठ उपाध्यक्ष: स. रघुजीत सिंह विरक
- कनिष्ठ उपाध्यक्ष: स. गुरबख्श सिंह खालसा
- महासचिव: स. गुरप्रीत सिंह झब्बर
- चुने गए अंतरिम (कार्यकारिणी) सदस्य-
- स. मोहन सिंह बंगी
- स. बावा सिंह गुमानपुरा
- स. रणजीत सिंह काहलों
- स. नवतेज सिंह काउणी
- बीबी परमजीत कौर मूनक
- स. रविंदर सिंह खालसा
- स. दर्शन सिंह बराड़ मोठांवाली
- स. चरण सिंह आलमगीर
- स. गुरिंदरपाल सिंह गोरा
- स. कुलदीप सिंह नस्सूपुर
- बीबी नरिंदर कौर रणीया

डॉ. सतिंदर सरताज की 'द फिलॉसफी ऑफ रेजोनेंस' ने बेंगलुरु को किया मंत्रमुग्ध



बेंगलुरु, 21 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाबी संगीत के महान गायक डॉ. सतिंदर सरताज ने अपने बहुप्रतीक्षित इंडिया टूर - द फिलॉसफी ऑफ रेजोनेंस के तहत बेंगलुरु में एक भावपूर्ण लाइव प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

यह संगीत कार्यक्रम बेंगलुरु के टेराफॉर्म - डिस्ट्रिक्ट एरीना में आयोजित हुआ, जहाँ गायक-कवि को मंच पर लाइव देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे।

अपने काव्यात्मक गीतों, सूफी अंदाज़ और दिल को छू लेने वाली आवाज़ के लिए जाने जाने वाले डॉ. सरताज ने अपने सदाबहार हिट गीतों और नई रचनाओं का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। दर्शक पूरी शाम संगीत, कविता और दर्शन के माध्यम से दिलों को जोड़ने वाली इस प्रस्तुति में डूबे रहे - यही इस टूर की असली आत्मा है।

इंडिया टूर देश के कई प्रमुख शहरों में आयोजित हो रहा है। इस टूर के तहत वे पहले ही जयपुर, करनाल, इंदौर, गंगानगर, नागपुर, लखीमपुर और रोहतक जैसे शहरों में प्रस्तुति दे चुके हैं।

बेंगलुरु के बाद यह टूर जालंधर, हिसार, गुरदासपुर और चंडीगढ़ सहित अन्य शहरों में जाएगा। संगीत प्रेमियों ने इस शाम को कविता, धुन और रेजोनेंस का एक यादगार अनुभव बताया।

चंडीगढ़ में विशेष लोक अदालत में 1,039 से अधिक मामलों का निपटारा

4,63,31,000 की राशि के समझौते



पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़
21 नवंबर, (हरमिंदर नागपाल)

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा माननीय न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा, मुख्य न्यायाधीश-सह-मुख्य संरक्षक, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यू.टी. चंडीगढ़ और माननीय न्यायमूर्ति अनूप चितकारा, कार्यकारी अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, यू.टी. चंडीगढ़ के मार्गदर्शन में आज जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर 43, चंडीगढ़ में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यू.टी. चंडीगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

विशेष लोक अदालत के लिए सेवारत न्यायिक अधिकारियों की अध्यक्षता में 17 पीठों का गठन किया गया। इनमें परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत आने वाले मामले, मोटर दुर्घटना मुआवजा दावे, वैवाहिक विवाद और यातायात चालान से संबंधित मामले सुनवाई के लिए रखे गए। पक्षकारों की आपसी सहमति से 1,039 से अधिक मामलों का निपटारा किया गया, जिनमें कुल ?4,63,31,000 की राशि के समझौते हुए।

श्री कंवलजीत सिंह बाजवा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यू.टी. चंडीगढ़ ने विभिन्न पीठों का दौरा किया और पक्षकारों से बातचीत की। एक वैवाहिक विवाद में पक्षकारों को समझाते हुए उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर मानसिक शांति के लिए आपसी सहमति से समाधान तलाशने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के विरुद्ध आरोप सिद्ध करने से भी अंततः किसी पक्ष को लाभ नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा, 'शांति के लिए चुकाई गई कोई भी कीमत कम है।'

गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित लोक अदालतें विवादों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए एक अतिरिक्त मंच प्रदान करती हैं और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने में न्यायालयों की सहायता करती हैं। श्री कंवलजीत सिंह बाजवा और श्री सुनील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यू.टी. चंडीगढ़ ने विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

उन्होंने पक्षकारों से अपने विवादों का समाधान लोक अदालतों के माध्यम से करवाने की अपील भी की, क्योंकि ये त्वरित और किफायती न्याय प्रदान करती हैं।

धर्मपुर के विशाल छिंज मेले में रविवार को मुख्य अतिथि होंगे उपमुख्यमंत्री

ऊना, 21 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री रविवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह सायं 5 बजे धर्मपुर में आयोजित विशाल छिंज मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार उपमुख्यमंत्री धर्मशाला में एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पश्चात सायं 5 बजे धर्मपुर पहुंचेंगे। मेले में शामिल होने के बाद उनका रात्रि ठहराव अपने निवास स्थान गोंदपुर जयचंद में रहेगा।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए कबड्डी टीम का चयन ट्रायल अब 24 नवंबर को बिलासपुर में

ऊना, 21 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2026 के तहत अंडर-18 आयु वर्ग की हिमाचल प्रदेश कबड्डी पुरुष टीम के चयन के लिए अब 24 नवंबर को जिला स्पोर्ट्स हॉस्टल, बिलासपुर में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल सुबह 10 बजे शुरू होंगे। पहले ये 22 नवंबर को निर्धारित थे। युवा सेवा एवं खेल विभाग के अतिरिक्त निदेशक गौरव महाजन ने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनका जन्म 1 जनवरी, 2009 या उसके बाद हुआ हो। इच्छुक खिलाड़ियों को मैट्रिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की एक-एक स्वप्रमाणित प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है।



उन्होंने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम या ग्राम पंचायत द्वारा कम से कम पांच वर्ष पहले यानी 1 जनवरी, 2021 या उससे पूर्व जारी किया गया होना चाहिए। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किसी प्रकार का यात्रा या दैनिक भत्ता (टीए/डीए) नहीं दिया जाएगा।

पेज एक का शेष

प्रधानमंत्री मोदी ने...

और अपराध के आंकड़ों की चर्चा होती थी। अब राज्य में निवेश के आंकड़े सामने आते हैं और अपराधियों पर कार्रवाई की बात होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार से लेकर नालंदा, गया, शाहाबाद, कैमूर और राजधानी पटना तक विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। डबल इंजन सरकार में बिहार के विकास की रफ्तार पिछले एक साल में हुए कामों से साफ दिखाई देती है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस गरीबी हटाओं के नारे लगाती थी लेकिन गरीबों के लिए काम नहीं करती थी। जब साफ नीयत से काम होता है तो नतीजे भी दिखते हैं, जिस देश में कांग्रेस दशकों तक गरीबी हटाओं के नारे लगाती रही, गरीबों को गुमराज करती रही और वोट लूटती रही, वहां 12 साल के अंदर हमलोगों ने 50 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। उन्होंने इसे सरकार की इच्छाशक्ति और गरीब कल्याण की योजनाओं का परिणाम बताया। पीएम ने कहा कि गरीबी के खिलाफ देश की लड़ाई इसलिए सफल हो रही है, क्योंकि सरकार ने करोड़ों गरीबों के जीवन को आसान बनाने और उन्हें बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में बिहार में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते किए गए हैं। गया में छह हजार करोड़ रुपये की स्टील परियोजना पर काम शुरू हो रहा है। इसके अलावा मोतिहारी और मधेपुरा की चीनी मिलों को दोबारा चालू करने के लिए नई गन्ना प्रोत्साहन नीति लाई गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई की सुविधा देने के लिए हर खेत तक पानी पहुंचाने की दिशा में 11 हजार नए नलकूप लगाने की पहल की गई है। सिंचाई के लिए 12 घंटे बिजली सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक निर्णय भी लिया गया है।

पीएम मोदी ने शिक्षा के क्षेत्र में हुए कामों का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार में एक साल के भीतर 200 से अधिक नए डिग्री कॉलेज शुरू किए गए हैं। बेटियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मां सीता महिला विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास से जुड़े काम इतने व्यापक हैं कि उन्हें किसी एक मंच से गिनाना संभव नहीं है। राज्य में हो रहे बदलाव को यहां आकर ही महसूस किया जा सकता है। पीएम मोदी ने गरीब कल्याण की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रही है। करोड़ों परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं, ताकि उन्हें सुरक्षित जीवन मिल सके। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई है। उन्होंने कहा कि शौचालय, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं गरीब परिवारों तक पहुंचाकर उन्हें सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर दिया गया है।

कोई ए.आई...

दिया जा रहा है। 2014 के बाद हमारी सरकार ने दस साल में लगभग 5000 नई आईटीआई बनाई हैं। संख्या भी 5 लाख से ज्यादा है। लड़कियों की संख्या ढाई गुना से ज्यादा हो चुकी है। ट्रेनिंग, फैकल्टी इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे लिए अहम रहा है। आज आईटीआई में 30 से ज्यादा ट्रेडएड की पढ़ाई हो रही है।

अमृतपाल सिंह ने...

मानवीय आधार पर अमृतपाल सिंह को 'कस्टोडियल पैरोल' (पुलिस हिरासत में रहते हुए कहीं जाने की अनुमति) दी थी। इसके तहत, उसे 21 नवंबर को दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक, यानी तीन घंटे के लिए जल्लूपुर खेड़ा गांव जाने की इजाजत मिली थी। इस व्यवस्था के अंतर्गत, अमृतपाल सिंह को असम की डिब्रूगढ़ जेल से सात गाड़ियों के काफिले में हवाई अड्डे तक ले जाया गया; वहां से उसे विमान द्वारा दिल्ली लाया गया और फिर अमृतसर के श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (राजासांसी) पहुंचाया गया। तय योजना के अनुसार, उसे 22 नवंबर को वापस डिब्रूगढ़ जेल ले जाया जाएगा।

अमेरिका में भारतीय...

बात करते हुए निखिल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनके इस मामले की वजह से उनकी पत्नी, मां और बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि उन्होंने कुछ नहीं किया।

सोने-चांदी की...

सोने की कीमत में लगभग 9 प्रतिशत और चांदी की कीमत में करीब 15 प्रतिशत की कमी आई है। अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना, बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में और इजाफा करने की संभावना को इस गिरावट का मुख्य कारण माना जा रहा है। ब्याज दरें बढ़ने की संभावना के चलते, निवेशक सोने जैसी धातुओं से अपना पैसा निकाल रहे हैं।

शेयर बाजार में...

कीमतों में गिरावट आई है। वहीं, कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में शुरुआती तेजी के बाद अब नरमी आई है। ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर के आसपास है, जबकि डब्ल्यूटीआई 81 डॉलर के करीब है। इस बीच, विदेशी निवेश और मजबूत बाजार के चलते रुपये में अच्छी तेजी आई है; इस हफ्ते रुपया लगभग 1.75% मजबूत हुआ है। इस हफ्ते रुपया 92.66 के स्तर तक मजबूत हुआ और उम्मीद है कि यह 92.25 से 93.00 के दायरे में स्थिर रहेगा। ब्याज दरों के ऊंचे बने रहने की उम्मीद है और डॉलर के और मजबूत होने की संभावना है। बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी से सोने और चांदी पर दबाव पड़ेगा। करीब 19 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद, सोना और चांदी फिलहाल वैश्विक स्तर पर दबाव में हैं। वैश्विक बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के कारण कई तरह की संपत्तियों की बिकवाली हुई है। ऊंची ब्याज दरों की वजह से सोने और चांदी जैसी ऐसी संपत्तियों में लोगों की दिलचस्पी कम हो गई है, जिन पर कोई ब्याज नहीं मिलता। सट्टेबाजी करने वाले निवेशक अपना पैसा निकाल रहे हैं, जिससे गिरावट और तेज हो रही है।

ग्रीस में पंजाबी...

(पिग फार्म) में काम करने लगे। परिवार ने दूर के रिश्तेदार संदीप सिंह पर दोनों भाइयों की हत्या का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि उसने हत्याओं का वीडियो भी रिकॉर्ड किया था। ग्रीस की पुलिस ने इस मामले में संदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। परिवार का यह भी आरोप है कि हत्या से पहले दोनों भाइयों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और उन्हें धमकियां दी जा रही थीं। रिश्तेदारों का कहना है कि उनके पास इन धमकियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग और अन्य सबूत मौजूद हैं। बूटा सिंह, उनकी पत्नी बलजिंदर कौर और एक अन्य बेटे सुपिनदर सिंह ने भारत सरकार और पंजाब सरकार से अपील की है कि वे ग्रीस के अधिकारियों के साथ मिलकर इस मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करें। परिवार ने मांग की है कि हत्या में शामिल सभी लोगों की भूमिका की जांच की जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

भारत में ब्याज...

ट्रम्प का बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका में महंगाई दर फेडरल रिजर्व के तय 2% के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। सितंबर में महंगाई दर 3.6% रही। वहीं, खाने-पीने की चीजों और ऊर्जा की कीमतों को हटाकर देखी जाने वाली कोर महंगाई दर 3.1% दर्ज की गई।

फेडरल रिजर्व महंगाई को काबू में रखने के लिए ब्याज दरों का इस्तेमाल करता है। ब्याज दरें बढ़ने से कर्ज महंगा हो जाता है। इससे लोग और कंपनियां खर्च कम करते हैं, जिससे महंगाई घटाने में मदद मिलती है।

ब्रिटिश कोलंबिया कैबिनेट...

काम मिला है। सत्तारूढ़ पार्टी ने 92 सदस्यीय सदन में 63 सीटें जीतकर एक रिकॉर्ड बनाया है। पिछले नौ वर्षों से, न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी ने ग्रीन पार्टी के दो विधायकों के समर्थन से, बहुत कम बहुमत के साथ सरकार चलाई थी। जुलाई 2017 में, एनडीपी ने लिबरल पार्टी को सत्ता से हटा दिया था, जो 12 वर्षों तक सत्ता में रही थी।

24 सदस्यीय कैबिनेट में आठ महिलाओं को शामिल किया गया है-जो एनडीपी की पिछली सरकारों में जेंडर बैलेंस (लिंग संतुलन) बनाए रखने की पुरानी परंपरा को दर्शाता है। गौरतलब है कि एनडीपी नेता डेविड एबी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार का कार्यकाल अभी दो साल और बचा था; हालांकि, इसका फायदा उठाने की कोशिश में एबी ने विधानसभा भंग कर दी और जल्द चुनाव कराने का दांव खेला-जो पूरी तरह उल्टा पड़ गया। अपने शासन को दो साल और बढ़ाने की उनकी चाहत के चक्कर में, उन्हें वे दो साल भी गंवाने पड़े जो उनके पास पहले से मौजूद थे।

मुंबई-हैदराबाद समेत...

बिल्डिंग में 20 नवंबर को शाम करीब 5:40 बजे 20 से 25 लोग इकट्ठा हुए थे। एफआईआर के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान लाल फूलों वाली ड्रेस पहनी एक महिला ने बिल्डिंग के शीशे पर 'आरएसएस का बेटा मेटा' लिखा।

इससे शीशे को नुकसान पहुंचा। पुलिस ने जिन चार लोगों को नामजद किया है, उनमें जीना सबरीन, नेशनल यूथ कांग्रेस सचिव पवन मजेठिया, निखिल रुपारेल और जाफर शामिल हैं। इसके अलावा 15 से 20 अज्ञात महिलाओं को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 223, महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37(3) और 135 और महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1995 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत ऊना में हुई विशेष ग्राम सभाएं

गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने, नियमों की पालना और उल्लंघन पर कार्रवाई को लेकर हुई चर्चा

ऊना, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत शनिवार को जिला ऊना की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की गईं। इनमें तंबाकू, गुटखा और बीड़ी के सेवन से होने वाले नुकसान, इनकी बिक्री पर नियंत्रण और गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने के उपायों पर चर्चा की गई।



ग्राम सभाओं में सभी राजस्व गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमों की पालना सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत जिले में जागरूकता के साथ नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों के 100 गज के दायरे को तंबाकू मुक्त रखने, वहां सूचना पट्ट लगाने तथा इस दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला और ब्लॉक स्तर के फ्लाइंग स्क्वॉड विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। उन्होंने पंचायतों से अपने सभी राजस्व गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण में 112 गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित करने के साथ ऊना जिला प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर रहा था।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा ने कहा कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग और सांस संबंधी कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। युवाओं को इसकी लत से बचाने के लिए उन्हें तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने पंचायतों से गांवों में जागरूकता गतिविधियां चलाने और स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने का आग्रह किया। जिला पंचायत अधिकारी श्रवण डोगरा ने कहा कि ग्राम सभाओं के माध्यम से पंचायत स्तर पर तंबाकू नियंत्रण नियमों की पालना की समीक्षा और लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

पी.जी.आई.एम.ई.आर. में विश्व स्ट्रोक दिवस पर सीएनई कार्यक्रम आयोजित

चंडीगढ़, 21 नवंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

राष्ट्रीय नर्सिंग शिक्षा संस्थान, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने न्यूरोलॉजी विभाग के सहयोग तथा पीजीआई न्यूरो सोसाइटी के तत्वावधान में 19 नवंबर 2026 को एन.आई.एन.ई. ऑडिटोरियम में सतत नर्सिंग शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। विषय था– `हर मिनट महत्वपूर्ण है: स्ट्रोक के लक्षणों को पहचानें। कार्यक्रम एन.आई.एन.ई. की प्रिंसिपल डॉ. सुखपाल कौर और न्यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. धीरज खुराना के मार्गदर्शन में हुआ। डॉ. कौर ने स्वागत करते हुए स्ट्रोक जागरूकता, रोकथाम और समय पर उपचार में नर्सों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सुश्री नीना वीर सिंह ने थीम का अनावरण किया और लक्षणों की शीघ्र पहचान पर बल दिया। डॉ. मंजू दंडपाणि ने जागरूकता और सामुदायिक गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि प्रो. धीरज खुराना ने अपने मुख्य व्याख्यान में कहा कि स्ट्रोक की शीघ्र पहचान और त्वरित उपचार से मरीज के परिणाम बेहतर होते हैं। उन्होंने पीजीआई स्ट्रोक सेवा टीम की भूमिका और रोकथाम शिक्षा के प्रसार पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. पंकज अरोड़ा, छुरस्क एवं अतिरिक्त प्रोफेसर, अस्पताल प्रशासन ने बहु-विषयक सहयोग और सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता बताई। जीवनशैली में बदलाव और व्यापक स्ट्रोक रोकथाम' विषय पर संगोष्ठी में स्ट्रोक के प्रकार, जोखिम कारक, चेतावनी संकेत, उपचार, पुनर्वास और जीवनशैली बदलावों पर चर्चा हुई। लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें एन.आई.एन.ई. के विद्यार्थी तथा पीजीआईएमईआर और जीएमसीएच-32 के नर्सिंग कर्मी शामिल थे। वक्ताओं, आयोजकों और प्रतियोगिता विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन श्रीमती श्रुति के धन्यवाद प्रस्ताव और हाई टी के साथ हुआ।

एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष बनने पर प्रिंसिपल राजविंदर कौर की ओर से बधाई दी गई



पैग़ाम-ऐ-जगत/हुशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

साहिबज़ादा अजीत सिंह पब्लिक स्कूल, लधेवाल माहिलपुर की प्रिंसिपल श्रीमती राजविंदर कौर तथा समस्त स्टाफ ने एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को लगातार छठी बार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर प्रिंसिपल राजविंदर कौर ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके आगामी कार्यकाल के लिए सफलता की कामना की। समस्त स्कूल स्टाफ ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएँ प्रकट कीं। एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का अध्यक्ष लगातार छठी बार चुना गया है।

एस एस आर वी एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नया नंगल में अंतरविषयक प्रदर्शनी 'इनोविस्टा-2026' का भव्य आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत/नंगल/ऊना
21 नवंबर (राजवीर चोपड़ा)

एस एस आर वी एम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नया नंगल में अंतरविषयक प्रदर्शनी 'इनोविस्टा-2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चे आकर्षक पोशाकें पहनकर आए, जिससे कार्यक्रम की रौनक और बढ़ गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित अनेक आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जगदीप सिंह दुआ, प्रोफेसर एवं प्रधानाचार्य, डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, शिवालिक कॉलेज ऑफ फार्मेसी, नंगल उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, प्रदूषण नियंत्रण, विज्ञान और मानव जीवन, डिजिटल भारत, विज्ञान की अद्भुत खोजों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), प्लास्टिक मुक्त भारत, आधुनिक भारत में विज्ञान की भूमिका, पंजाबी सभ्याचार, हिंदी भाषा एवं साहित्य, अंग्रेजी भाषा तथा खेल जगत से संबंधित अनेक आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए।

विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए क्रियाशील एवं संवादात्मक मॉडलों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इन मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, विभिन्न विषयों की व्यावहारिक समझ तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता का परिचय दिया। मुख्य अतिथि डॉ. जगदीप सिंह दुआ ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें मौलिक सोच विकसित करने और रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के महाप्रबंधक श्री सोमेश शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा उनमें वैज्ञानिक जिज्ञासा जागृत करने के उद्देश्य से विज्ञान के रोचक प्रयोगों का प्रदर्शन किया। इन प्रयोगों ने विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और जिज्ञासा पैदा की। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल के वैज्ञानिक बन सकते हैं। आज का युग विज्ञान का युग है। बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने और उनमें छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए छोटे-छोटे प्रयास किए जा सकते हैं। ऐसे छोटे प्रयास ही आगे चलकर बड़े कदम बनते हैं और मंजिल तक पहुंचने में सहायक होते हैं। सभी अभिभावकों ने भी प्रदर्शनी की सराहना की तथा अपने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर कुछ नया और रचनात्मक करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर स्कूल के महाप्रबंधक श्री सोमेश शर्मा, प्रधानाचार्या सुश्री साक्षी शर्मा, स्कूल समन्वयक श्री सुरेंद्र रात्रा तथा श्री रजनीश राय जादा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और नए विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

ऊना में एबीसी सर्जरी का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण, 10 कुत्तों का बंध्याकरण

बिलासपुर और हमीरपुर के पशु चिकित्सा अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण, मुफ्त रेबीज टीकाकरण भी हुआ

ऊना, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

उपमंडलीय पशु चिकित्सालय ऊना में एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) के तहत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों से लाए गए 10 पालतू और आवारा कुत्तों का बंध्याकरण किया गया। साथ ही पशुपालन विभाग की ओर से मुफ्त रेबीज टीकाकरण भी किया गया।



पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. वीरेंद्र पटियाल के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. मनोज शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बिलासपुर और हमीरपुर जिलों के पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के दिशा-निर्देशों और पशु कल्याण नियमों की पालना पर विशेष ध्यान दिया गया। पशु चिकित्सकों को सुरक्षित एबीसी सर्जरी की तकनीक, एनेस्थीसिया और ऑपरेशन के बाद की देखभाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

पायोमेट्रा, पेरिटोनाइटिस और हीमोएब्डोमेन जैसी गंभीर जटिलताओं से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान सभी सर्जरी बिना किसी जटिलता के सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

लिवासा अस्पताल, खन्ना में किडनी कैंसर के संदिग्ध ट्यूमर का सफल उपचार

खन्ना, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

लिवासा अस्पताल, खन्ना ने पेशाब में बिना दर्द के खून आने (हीमैच्यूरिया) और खून के थक्के निकलने की शिकायत लेकर पहुंचे 45 वर्षीय पुरुष मरीज का सफलतापूर्वक उपचार किया। विस्तृत जांच के बाद मरीज की दाहिनी किडनी में गांठ पाई गई, जिसके रीनल सेल कार्सिनोमा (किडनी कैंसर) होने की आशंका थी। ट्यूमर का प्रभाव किडनी के पेल्वीकैलिसियल सिस्टम तक भी पाया गया।

सीटी स्कैन सहित विभिन्न जांचों और पूरे शरीर की स्टेजिंग से पता चला कि 2.5 सेंटीमीटर का ट्यूमर दाहिनी किडनी तक सीमित था। हालांकि, ट्यूमर किडनी के पेल्वीकैलिसियल सिस्टम तक फैल गया था, जिसके कारण मरीज को पेशाब में काफी खून आ रहा था।



मरीज की चिकित्सकीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए लिवासा अस्पताल, खन्ना के यूरोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. अंगदजोत सिंह ने लैप्रोस्कोपिक राइट रेडिकल नेफ्रेक्टॉमी सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी लगभग ढाई घंटे में पूरी हुई। सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी संतोषजनक रही। सभी ड्रेन और कैथेटर हटाए जाने के बाद उन्हें ऑपरेशन के तीसरे दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह मामला इस बात को रेखांकित करता है कि पेशाब में बिना दर्द के खून आना, विशेषकर खून के थक्के निकलना, एक गंभीर चेतावनी संकेत हो सकता है। ऐसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि इनके पीछे मूत्र मार्ग में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। समय पर जांच और उचित उपचार से बीमारी का बेहतर प्रबंधन संभव है। डॉ. अंगदजोत सिंह ने कहा, 'हमारी प्राथमिकता न्यूनतम चीर-फाड़ वाली तकनीक के माध्यम से मरीज को समय पर उपचार उपलब्ध कराना था। हमने उपचार के हर चरण में मरीज को बेहतर सहयोग और देखभाल प्रदान करने के साथ-साथ उनकी सहज और सुरक्षित रिकवरी सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया। लिवासा अस्पताल, खन्ना के फैसिलिटी डायरेक्टर संजय पुरी ने कहा, ' मरीज का सफल उपचार क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हरियाणा राज्य महिला आयोग छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध, बेटियां किसी भी परेशानी में बेझिझक उठाएं आवाज : उपाध्यक्ष मीना परमार

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कहा कि महिलाओं और बेटियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न अथवा असुरक्षा की स्थिति में चुप रहने के बजाय बेझिझक अपनी आवाज उठानी चाहिए। महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मविश्वास सुनिश्चित करना समाज और संस्थानों की सामूहिक जिम्मेदारी है।



उपाध्यक्ष मीना परमार हांसी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा एसडी मॉडर्न पब्लिक उन्होंने छात्राओं को बताया कि यदि उनके साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है अथवा उन्हें उत्पीड़न, दुर्व्यवहार या असुरक्षा का सामना करना पड़ता है, तो वे अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन अथवा पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करा सकती हैं। संबंधित पुलिस अधिकारियों का दायित्व है कि शिकायत को स्वीकार कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में डर, दबाव अथवा संकोच के कारण अपनी समस्या को छिपाना नहीं चाहिए।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने छात्राओं से कहा कि यदि वे किसी समस्या के कारण पुलिस स्टेशन जाने में असहज महसूस करती हैं, तो पहले अपने माता-पिता, परिवार के भरोसेमंद सदस्यों अथवा शिक्षकों से खुलकर बातचीत करें। समय रहते समस्या साझा करने से उचित मार्गदर्शन और सहायता प्राप्त हो सकती है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने, अपने अधिकारों को समझने और शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कहा कि घर, कार्यस्थल, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय अथवा सार्वजनिक स्थान पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या परेशानी का सामना करने वाली महिला आयोग से सीधे संपर्क कर अपनी शिकायत साझा कर सकती है। आयोग महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान तथा न्याय सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है। मीना परमार ने कहा कि बेटियों को अच्छे संस्कार, व्यवहार और आत्मविश्वास की सीख देने के साथ-साथ बेटों को भी महिलाओं के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता, मर्यादा और जिम्मेदारी का भाव सिखाना बेहद जरूरी है। बच्चों के व्यवहार और संस्कारों की नींव परिवार से ही तैयार होती है, इसलिए अभिभावकों को बेटों और बेटियों दोनों के मार्गदर्शन पर समान ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने और समाज में सम्मानजनक व्यवहार की संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया।

महिला सुरक्षा के लिए प्रदेश में स्थापित 33 महिला थानों, वन स्टॉप सेंटर तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और संकटग्रस्त महिलाएं उपलब्ध सहायता व्यवस्थाओं का लाभ उठा सकती हैं। वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं को एक ही स्थान पर सहायता, परामर्श, कानूनी सहयोग तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। इस अवसर पर तहसीलदार अनिल कुमार बिढान, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या पूर्णिमा गुप्ता तथा रितु सिंह सहित स्कूल स्टाफ तथा संबंधित विभागों के अधिकारी व छात्राएँ उपस्थित रही।

कोरियर कर्मचारी बनकर साइबर ठगी करने वालों से रहें सावधान, एक गलत कोड से आपकी कॉल पहुंच सकती है ठगों तक :एसपी विनोद कुमार

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार ने आमजन को साइबर अपराध के नए तरीकों के प्रति जागरूक करते हुए कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी ठगी के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इसी क्रम में ठग कभी कूरियर कर्मचारी तो कभी डिलीवरी एजेंट बनकर लोगों को फोन करते हैं और पार्सल पहुंचाने, पता सत्यापन करने या डिलीवरी में आ रही समस्या का बहाना बनाकर मोबाइल फोन में कुछ विशेष कोड डायल करवाते हैं।

एसपी ने बताया कि साइबर ठग लोगों को अपनी बातों में उलझाकर *21, *61, *67 या *401 जैसे स्पष्ट कोड डायल करने के लिए कहते हैं। इन कोड के माध्यम से मोबाइल नंबर पर कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय हो सकती है। इसके बाद मोबाइल पर आने वाली कॉल किसी दूसरे नंबर पर डायवर्ट हो सकती हैं। साइबर अपराधी इसका दुरुपयोग कर बैंकिंग वेरिफिकेशन कॉल तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं तक पहुंचने का प्रयास करते हैं, जिससे व्यक्ति आर्थिक साइबर ठगी का शिकार हो सकता है।



उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में कोई कोड डायल करना या मोबाइल की सेटिंग में बदलाव करना भारी नुकसान का कारण बन सकता है। इसलिए पार्सल डिलीवरी या किसी अन्य सेवा का बहाना बनाकर फोन करने वाले व्यक्ति के तकनीकी निर्देशों पर आंख बंद करके भरोसा न करें।

हांसी पुलिस की आमजन से अपील : इन सावधानियों का रखें विशेष ध्यान

1. **अनजान कोड डायल न करें:** कूरियर या डिलीवरी एजेंट बनकर फोन करने वाले किसी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में कोई भी स्पष्ट कोड डायल न करें।
2. **कॉल फॉरवर्डिंग सेटिंग जांचें:** समय-समय पर अपने मोबाइल की कॉल सेटिंग चेक करते रहें और अनधिकृत कॉल फॉरवर्डिंग सक्रिय होने पर तुरंत मोबाइल ऑपरेटर से संपर्क करें।
3. **OTP और बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखें:** किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ OTP, ATM PIN, CVV या बैंक खाते से संबंधित जानकारी साझा न करें।
4. **अनजान लिंक से बचें:** किसी के कहने पर अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही मोबाइल में कोई ऐप इंस्टॉल करें।
5. **संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करें:** यदि आपको लगता है कि आपके मोबाइल पर बिना जानकारी के कॉल फॉरवर्डिंग सक्रिय हो गई है, तो अपने मोबाइल ऑपरेटर से संपर्क कर इसे बंद करवाएं।

एसपी हांसी ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाएं। हांसी पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों से अपील करती है कि स्वयं जागरूक रहें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर ठगी के नए तरीकों के बारे में जागरूक करें।

आयुषी के हौसले, जज़्बे व समर्पण को सलाम : कल्याण

पैग़ाम-ऐ-जगत/घरौंडा
21 नवंबर, (प्रवीण वालिया)

- **विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा की बेटी आयुषी ठकराल को मिलकर किया सम्मानित**
- **26वीं राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली आयुषी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का बनाया ब्रांड एंबेसडर**

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने शनिवार को घरौंडा की रहने वाली तथा भोपाल में आयोजित 26 वी राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली आयुषी ठकराल के निवास स्थान पर जाकर उसे बधाई दी तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना पूरे हरियाणा के लिए तथा घरौंडा क्षेत्र के निवासियों के लिए बड़े गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आयुषी ठकराल के आगे दिव्यंगता भी कुछ नहीं, अगर है तो बस उसकी मेहनत जो आज रंग लाई है। उन्होंने कहा कि आयुषी केवल खिलाड़ी नहीं बल्कि लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि शारीरिक चुनौतियों के बावजूद खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ाना आयुषी की अनुशासन प्रियता ,मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि आयुषी आज स्वयं इस अभियान का जीवंत उदाहरण है कि यदि बेटियों को परिवार का सहयोग और समाज का प्रोत्साहन मिले तो वह हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर सकती हैं। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ने कहा कि आयुषी की खेल उपलब्धियां प्रतिभा और प्रेरणादायक व्यक्तित्व को देखते हुए उन्होंने घरौंडा क्षेत्र के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का ब्रांड एंबेसडर आयुषी को बनाया है। यह सम्मान केवल आयुषी की खेल उपलब्धियां का सम्मान नहीं बल्कि उसे विचारधारा का सम्मान है जो बेटियों को समान अवसर शिक्षा और आगे बढ़ने का अधिकार देती है। इस अवसर पर उन्होंने आयुषी की उपलब्धि के लिए पिता अनिल ठकराल, आयुषी की माता मुस्कान ठकराल,बहन अंशिका और पूरे आयुषी के परिवार को बधाई दी। इस मौके पर आयुषी के कोच रविंद्र संधू ने बताया की आयुषी 85 प्रतिशत तक दिव्यांग है लेकिन उसके खेल में कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में 12 से 15 नवंबर तक भोपाल में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में आयुषी ने 50 मी बैक स्ट्रोक 50 मीटर फ्री स्टाइल और 50 मीटर बटरफ्लाई मिश्रण पदक हासिल किया है। इस मौके पर आयुषी के परिवार के सदस्यों के अलावा कहीं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

पी.जी.आई. चंडीगढ़ को लगातार दूसरे वर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए सिल्वर श्रेणी का पुरस्कार

चंडीगढ़, 21 नवंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ को तीसरे डीएचआर-आईसीएमआर स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन 2026 में प्रकाशन मूल्यांकन मानदंडों के अंतर्गत स्वास्थ्य अनुसंधान उत्कृष्टता के लिए सिल्वर श्रेणी का पुरस्कार मिला है। संस्थान को लगातार दूसरे वर्ष यह सम्मान प्राप्त हुआ है।



यह सम्मान PGIMER के संकाय सदस्यों की प्रतिबद्धता, अथक परिश्रम और नवोन्मेषी वैज्ञानिक सोच का प्रमाण है। संकाय सदस्य रोगी देखभाल, शिक्षण तथा उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यों में निरंतर उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत हैं। यह उपलब्धि चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा तंत्र को सुदृढ़ बनाने में संस्थान के सतत योगदान को दर्शाती है।

निदेशक प्रो. विवेक लाल के नेतृत्व तथा डीन (रिसर्च) प्रो. संजीव हांडा और डीन (एकेडमिक) प्रो. संजय जैन के मार्गदर्शन में संस्थान रोगी देखभाल, शिक्षा एवं अनुसंधान में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर मजबूत कर रहा है।

यह पुरस्कार 17 नवंबर 2026 को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय शिखर सम्मेलन (16-17 नवंबर) के दौरान प्रदान किया गया। पुरस्कार डॉ. राजीव बहल, महानिदेशक, आईसीएमआर एवं सचिव, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदान किया गया। पीजीआईएमईआर की ओर से यह पुरस्कार मर्क सेल के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. प्रतीक भाटिया ने प्राप्त किया। यह सम्मान पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ की अग्रणी संस्थान के रूप में स्थिति को और सुदृढ़ करता है, जो प्रभावशाली अनुसंधान, शैक्षणिक उत्कृष्टता और समर्पित रोगी देखभाल के माध्यम से चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

"ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ"
NEWS & WEB CHANNEL
HEAD OFFICE
F 388, Industrial Area,
Sector 74, Sahibzada Ajit
Singh Nagar, Punjab 160071
CONTACT : +91 9878862733, 9872340701
ਛੋਟਾ ਇੰਡਸਟਰੀਯਾ ਵੱਡਾ ਦਪਾਰ
"ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ" ਵਿੱਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਲਾਸੀਫਾਈਡ ਜੈਤਿਸ਼, ਵਪਾਰ, ਨਾਮ ਪਰਿਵਰਤਨ, ਵਿਆਹ ਸੰਬੰਧੀ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਆਦਿ ਲਈ ਘਰ ਬੈਠੇ ਸੁਵਿਧਾ ਕਰੋ।

`पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

एसबीआई क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने के मामले में करनाल पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
21 नवंबर, (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में साइबर थाना करनाल की टीम ने एसबीआई क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1 लाख 4 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि मामले के अनुसार, करनाल के चमन गार्डन एक्सटेंशन निवासी राजकुमार ने साइबर थाना करनाल में शिकायत देकर बताया था कि दिनांक 25 जून

- **आरोपी के कब्जे से ठगी की गई एक लाख रुपये की राशि एक मोबाईल फोन,पेनकार्ड बरामद, न्यायालय के आदेशानुसार भेजा गया न्यायिक हिरासत में**


2026 को उसके फेसबुक अकाउंट पर एसबीआई क्रेडिट कार्ड से संबंधित एक विज्ञापन दिखाई दिया था। विज्ञापन को लाइक करने के अगले दिन उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसे एसबीआई क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपियों ने व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से उसे अपनी बातों में उलझाकर मोबाइल की स्क्रीन शेयर करवा ली और एक लिंक भेजकर क्रेडिट कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूरी करने का बहाना बनाया।

इस दौरान आरोपियों ने शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर उसके कार्ड से पांच बार 20,247.80 रुपये की ट्रांजेक्शन कर कुल 1,01,239 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। शिकायत के आधार पर साइबर थाना करनाल में दिनांक 27 जून 2026 को संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच के दौरान साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुकेश कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुनील पुत्र श्याम लाल निवासी जगजीवनराम कॉलोनी, खटीक बस्ती, पानीपत को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से एक लाख रुपये की नकदी एक मोबाइल फोन व पैनकार्ड भी बरामद किया है। पुलिस टीम द्वारा आज आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व की खुशी में निकलेगा विशाल नगर कीर्तन

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

- **बाबा बंदा सिंह बहादुर सिक्ख संप्रदाय भारत के मुखी बाबा जतिंद्र पाल सिंह सोढ़ी भी करेंगे शिरकत**



गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर प्रबंधक कमेटी सब्जी मंडी हांसी द्वारा आयोजित गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। गुरुद्वारा साहिब के सचिव सतवंत सिंह घई ने बताया कि यह कार्यक्रम रविवार प्रात: 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब से प्रारंभ होगा और 11:00 बजे गुरुद्वारा साहिब से एक विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है जिसमें पांच प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सुंदर पालकी बस में विराजमान होकर नगर में भ्रमण करेंगे। जिसमें तेग खालसा गतका अखाड़ा बीघड़ की खालसा फौज गुरु साहिब द्वारा सिखलाई शस्त्र विद्या का प्रदर्शन करेगी। बाबा बंदा बहादुर स्कूल के छोटे छोटे बच्चों द्वारा शब्द कीर्तन गायन कर नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाएंगे। पूरा रास्ता संगतो द्वारा गुरु नानक देव के दिखाएं मार्ग और दी गई शिक्षाओं पर आधारित शब्द कीर्तन का गुणगान किया जाएगा। यह नगर कीर्तन पुरानी सब्जी मंडी गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर, भगत सिंह रोड, पुराना बस स्टैंड, बड़सी गेट चौक, उमरा गेट चौक, छाबड़ा चौक, प्रताप बाजार, बजरिया चौक, मक्कड़ कोठी, धौला कुआं, चार कुतुब गेट, तिकोना पार्क, नहर कोठी रोड, दुर्गा कॉलोनी रोड, सैनिक स्कूल, मेन रोड रूप नगर कॉलोनी, निरंकारी भवन मोड़, सुभाष नगर बैंक कॉलोनी मध्य रोड से शहीद भगत सिंह पार्क से वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचेगी। सभी सेवाएं बाबा बंदा सिंह बहादुर युवा सेवा दल द्वारा निभाई जाएगी और इस पावन मौके पर बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख संप्रदाय भारत के संरक्षक रियासी (छ ×च) से बाबा जतिंद्र पाल सिंह सोढ़ी पहुंचकर गुरु साहब को शीश निंवाएगे और उनके साथ विधायक विनोद भयाना भी संगतो के दर्शन करेंगे। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन दिनेश धवन,प्रधान सुभाष गिरधर, महासचिव राम प्रकाश परूथी, कैशियर मुनीश पाहवा, रविंद्र खुराना बब्बल, पुनीत सचदेवा, मनोज जुनेजा ने सभी गुरू नानक नाम लेवा संगतो से इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर शामिल होने का निवेदन कीया।

रतिया में बाबा नामदेव महाराज जी का 756वां प्रकाश दिवस पर धार्मिक समागम 22को : हरदेव सिंह पटवारी

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया
21 नवंबर (एडवोकेट गुरप्रीत मंडेर)

बाबा नामदेव बिरादरी सभा रतिया की ओर से संत शिरोमणि भगत बाबा नामदेव जी महाराज का 756वां प्रकाश दिवस श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर सभा द्वारा श्री अखंड पाठ साहिब का आयोजन किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल होकर गुरु चरणों में अपनी हाजिरी लगा रहे है ।

सभा के अध्यक्ष हरदेव सिंह पटवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के तहत रविवार, 22 नवंबर 2026 को प्रात: 10:15 बजे भोग डाला जाएगा। इसके पश्चात



गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा। संगत के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि बाबा नामदेव जी महाराज ने अपने जीवन के माध्यम से समाज को प्रेम, समानता, भाईचारे, भक्ति और मानवता की सेवा का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को आपसी सद्भाव एवं सामाजिक एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर सभा के कोषाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि करनैल सिंह सागू, सचिव हरि सिंह, संत शिरोमणि नामदेव सभा फतेहाबाद के जिला अध्यक्ष शर्मा चंद लाली, राम सिंह जी, महेंद्र सिंह करीर सहित अन्य समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

हरदेव सिंह पटवारी ने समस्त नामदेव समाज एवं धर्मप्रेमी संगत से अपील की कि वे अपने परिवार सहित इस धार्मिक आयोजन में पहुंचकर बाबा नामदेव जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें।

अवैध हथियार रखने वालों पर करनाल पुलिस का शिकंजा, चाकू सहित एक आरोपी काबू

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल, 20 नवंबर, (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में अवैध हथियार रखने वाले व्यक्तियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए असंध इंचार्ज निरीक्षक सलिन्दर के नेतृत्व में टीम ने अवैध चाकू रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जजसिंह पुत्र मेजर सिंह निवासी नीयर बजरंग जिम असंध, करनाल के रूप में हुई है। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही रमेश सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जब पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा कारवाई करते हुए जजसिंह को काबू किया गया। पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक कमानीनुमा का चाकू बरामद हुआ। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध करनाल में दिनांक 19 नवंबर 2026 को आर्म्स एक्ट की धारा 25/54/59 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। जहां से उसका पुलिस रिमांड लिया जाएगा। दौराने रिमांड आरोपी से गहन पूछताछ कर मामले का खुलासा किया जाएगा। करनाल पुलिस आमजन से अपील करती है कि कोई भी व्यक्ति अवैध हथियार अपने पास न रखे। अवैध हथियार रखने और उनका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शाम चौरासी विधानसभा क्षेत्र में राकेश सोमन को मिल रहा लोगों का बढ़ता समर्थन

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर शाम चौरासी विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। इसी बीच आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश सोमन को लेकर क्षेत्र की राजनीति में चर्चाएं बढ़ रही हैं। उनके समर्थकों का दावा है कि राकेश सोमन को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों से व्यापक समर्थन और प्रोत्साहन मिल रहा है। जमीनी स्तर पर उनकी सक्रियता, आम लोगों के साथ सीधा संपर्क और सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में लगातार भागीदारी उन्हें शाम चौरासी की राजनीति में एक चर्चित चेहरा बना रही है। उनके समर्थकों के अनुसार, राकेश सोमन आम लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने को अपनी राजनीतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं। राकेश सोमन के समर्थकों का कहना है कि उन्हें युवाओं, किसानों, व्यापारियों, समाजसेवियों तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विभिन्न वर्गों से समर्थन मिल रहा है। लोगों के साथ व्यक्तिगत संपर्क, सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी और स्थानीय मुद्दों पर सक्रियता के कारण उनकी पहचान लगातार मजबूत हो रही है। विशेष रूप से युवा वर्ग के साथ उनकी बैठकें और संवाद भी राजनीतिक चर्चा का विषय बने हुए हैं। रोजगार, शिक्षा, विकास और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता को उनके समर्थक महत्वपूर्ण मानते हैं। राकेश सोमन का राजनीतिक अनुभव भी चर्चा में है। आम आदमी पार्टी में शामिल होने से पहले वह बहुजन समाज पार्टी से जुड़े हुए थे और उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में होशियारपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था।

8 मई 2024 को उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी का दामन थामा था। पार्टी में शामिल होने के बाद से वह लगातार पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और शाम चौरासी विधानसभा क्षेत्र में अपना जनसंपर्क तथा संगठनात्मक आधार मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं। राकेश सोमन ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, मुफ्त बिजली, महिला कल्याण और ग्रामीण विकास से जुड़ी पहल आम लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

पी.ए.सी.एल. निवेशकों की फंसी राशि वापिस दिलवाना भाजपा चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए संस्था इन्साफ की आवाज ने खन्ना को सौंपा ज्ञापन

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अविनाश राय खन्ना को इंसाफ दी आवाज वेलफेयर सोसाइटी की ओर से पी.ए.सी.एल. कंपनी में निवेश करने वाले लाखों निवेशकों की फंसी हुई राशि वापस दिलवाने संबंधी एक ज्ञापन सौंपा गया। सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने खन्ना से मांग की कि पंजाब के लाखों निवेशकों की इस गंभीर समस्या को वर्ष 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया जाए, ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके।

ज्ञापन में सोसाइटी ने बताया कि पी.ए.सी.एल. कंपनी में पंजाब के लगभग 35 लाख निवेशकों का पैसा फंसा हुआ है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निवेशकों की राशि वापस करवाने के संबंध में निर्देश दिए गए थे। इस प्रक्रिया के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर.एम. लोढ़ा की अध्यक्षता में कमेटी भी गठित की गई थी। लेकिन लंबे समय से प्रयासों के बावजूद निवेशकों को उनकी जमा पूंजी वापस नहीं मिल पाई है। ज्ञापन में 2 फरवरी 2016 के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का भी उल्लेख किया गया है। सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने बताया कि पंजाब में पी.ए.सी.एल. कंपनी की लगभग 10 हजार एकड़ जमीन होने का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संपत्ति को बेचकर निवेशकों की लगभग 8 हजार करोड़ रुपये की राशि वापस दिलाई जा सकती है। उन्होंने मांग की कि निवेशकों को उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाने के लिए सरकार गंभीरता से कदम उठाए। इस अवसर पर अविनाश राय खन्ना ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि निवेशकों के हितों और उनके साथ हुए अन्याय का मुद्दा उचित मंचों पर उठाये जाने के साथ साथ इस विषय को भाजपा के आगामी विधानसभा चुनावों के घोषणा पत्र में शामिल करवाने के लिए भी प्रयास किये जाएंगे।

इस मौके सोसाइटी के अध्यक्ष मोहिंदर सिंह धांगड़, महामंत्री अभय कुमार दुबे, बलबीर सिंह जम्मू आदि भी उपस्थित थे।

सर्वसम्मति की जीत, सेवा की जीत : एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी छठी बार बने शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष

पैग़ाम-ऐ-जगत/नवांशहर
21 नवंबर (जतिंदरपाल सिंह कलेर)

- **पंथ ने फिर जताया भरोसा, संगत में खुशी की लहर, अकाली हलकों में बधाइयों का दौर जारी**

शिरोमणि अकाली दल बादल के वरिष्ठ नेता गुरप्रीत सिंह गुज्जर रैल माजरा ने सिख पंथ की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष के रूप में एडवोकेट स. हरजिंदर सिंह धामी के सर्वसम्मति से छठी बार चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव एक बार फिर साबित करता है कि पंथ को सेवा, सिद्धांत और संयम वाली अगुवाई पर पूरा भरोसा है।



गुरप्रीत सिंह गुज्जर रैल माजरा ने कहा कि सर्वसम्मति से हुआ यह चुनाव पंथक एकता की बड़ी मिसाल है। किसी भी तरह के विरोध या खींचतान के बिना हुआ यह चुनाव शिरोमणि कमेटी की मर्यादा और पंथक परंपरा को और मजबूत करता है।

उन्होंने कहा कि एडवोकेट धामी ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान गुरुद्वारा साहिबान के प्रबंध, सिखी प्रचार, शिक्षा, नौजवानों को गुरसिखी से जोड़ने और पंथक मुद्दों पर डटकर पहरा दिया है। उनकी साफ-सुथरी, विनम्र और सेवा भावना वाली अगुवाई के कारण ही संगत और सदस्यों ने छठी बार उन पर भरोसा जताया है। गुरप्रीत सिंह गुज्जर रैल माजरा ने कहा कि यह चुनाव किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि पंथक सेवा और सिद्धांत की जीत है। आने वाले समय में शिरोमणि कमेटी पंथ के मुद्दों, सिख संस्थाओं को मजबूत करने और नौजवान पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने के लिए और आगे बढ़ेगी।

इस चुनाव की खबर मिलते ही बलाचौर हलके में अकाली कार्यकर्ताओं और संगत में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और कहा कि एडवोकेट धामी की अगुवाई में शिरोमणि कमेटी पंथ की सेवा में नई पगडंडियां बनाएगी।

सरकारी स्कूल मड़ में शहीद देविंद्र सिंह को समर्पित श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

चेतना रैली में नारों के माध्यम से नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पैगाम-ऐ-जगत/
रतिया, 21 नवंबर
(एडवोकेट गुरप्रीत मंडेर)

सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मड़ में शहीद देविंद्र सिंह यादगारी ट्रस्ट रतिया की ओर से शहीद देविंद्र सिंह की स्मृति को समर्पित विशेष शहीदी चेतना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह ने की।

इ अवसर पर ट्रस्ट सदस्य जगवंत सिंह बडिंग ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए ट्रस्ट द्वारा पिछले 25 वर्षों से आयोजित किए जा रहे शहीदी चेतना सप्ताह की गतिविधियों और उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए नई पीढ़ी में देशभक्ति,



सामाजिक जिम्मेदारी और जनकल्याण की भावना जागृत करना है।

समारोह के दौरान शहीद देविंद्र सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात विद्यालय की नौवीं कक्षा की छात्रा श्वेता ने शहीद देविंद्र सिंह के जीवन एवं बलिदान संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य अजीत सिंह ने कहा कि शहीदों की कुर्बानियों के कारण ही आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर देश, समाज और मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

समारोह के अंत में चेतना रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने 'पर्यावरण बचाओ, जिंदगी बचाओ' और 'नशा भगाओ, जिंदगी बचाओ' जैसे गगनभेदी नारों के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण तथा नशामुक्ति का संदेश दिया। रैली के नारों से पूरा वातावरण जागरूकता और सामाजिक चेतना के संदेश से गूंज उठा।

इस अवसर पर प्राचार्य अजीत सिंह, जगवंत सिंह बडिंग, सुभाष चंद्र, अमित कुमार, रमन, अनु शर्मा, सतवीर कौर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

चूहड़पुर में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, लोक मिलनी में उमड़ा लोगों का हुजूम, 2027 की रूप-रेखा पर हुआ मंथन

पैग़ाम-ऐ-जगत/बलाचौर
21 नवंबर (जतिंदरपाल सिंह कलेर)

- **सरपंच जसवीर कौर के लंबरदार परिवार में वरिष्ठ भाजपा नेता रवि इंदर सिंह बागोवाल ने की लोक मिलनी, हलके के मुद्दों पर खुलकर हुई विचार-चर्चा**



गांव चूहड़पुर में सरपंच जसवीर कौर के लंबरदार परिवार में भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि इंदर सिंह बागोवाल द्वारा की गई लोक मिलनी में लोगों का भरपूर हुजूम देखने को मिला। इस मिलनी में गांव के गणमान्य, बुजुर्ग, नौजवान और बड़ी संख्या में गांववासी पहुंचे।

इस मौके पर लोगों ने अपने गांव और हलके की समस्याएं वरिष्ठ नेता के सामने रखीं। रवि इंदर सिंह बागोवाल ने लोगों की बातें ध्यान से सुनीं और उन्हें हल करवाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति हमेशा लोगों से जुड़कर, जमीनी स्तर पर काम करने की रही है।

2027 की रूप-रेखा पर हुआ विचार-विमर्श मिलनी के दौरान 2027 के विधानसभा चुनावों की रूप-रेखा तैयार करते हुए विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान पार्टी को गांवों में और मजबूत करने, नौजवानों को साथ जोड़ने और लोगों तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने के बारे में रणनीति पर चर्चा हुई। रवि इंदर सिंह बागोवाल ने कहा कि लोग अब बदलाव चाहते हैं और भाजपा ही वह बदलाव ला सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अभी से ही गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क बनाएं और उनकी समस्याओं के हल के लिए आगे आएं। मिलनी में पहुंचे लोगों ने भी भरोसा दिलाया कि वे 2027 में भाजपा का डटकर साथ देंगे।

श्री राम आश्रम शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव, श्याममय हुआ पूरा शहर

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया
21 नवंबर (एडवोकेट मंडेर)

शहर के टिब्बा कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध श्री राम आश्रम शिव मंदिर में श्री श्याम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव की शाम को पूरा शहर श्याममय हो गया और मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।इस भव्य भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक *दीपक बाबा तथा भजन गायक अशोक लाली ने अपनी मधुर वाणी से बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा की। उनके भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते और नाचते नजर आए। पूरा पंडाल बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी रंजीत गर्ग दानेवालिया ने परिवार सहित ज्योति प्रचंड की। उन्होंने बाबा श्याम के चरणों में माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शनों के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान बाबा का



अटूट भंडारा भी चला, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।।मंदिर कमेटी के प्रधान विनोद बंसल ने बताया कि बाबा श्याम के आशीर्वाद से हर वर्ष की तरह इस बार भी जन्मोत्सव को भव्य रूप दिया गया। मंदिर को फूलों और रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया था। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। अंत में रात 12:15 बजे बाबा श्याम जी की आरती के साथ प्रसाद का वितरण किया गया व आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर समस्त कमेटी सदस्य तथा महिला मंडल के सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस भव्य जागरण में काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया।

कलाकारों को भी किया जाए राज्य स्तर पर सम्मानित : जसदीप बेदी

पैग़ाम-ऐ-जगत
अम्बाला , 21 नवंबर (आर.सिंह)

- **हरियाणा आर्टिस्ट्स फोरम ने जिला स्तर पर कला भवन बनाए जाने की अपनी मांग को भी दोहराया**

हरियाणा आर्टिस्ट्स फोरम की ओर से वरिष्ठ रंगकर्मी जसदीप बेदी ने आज जारी एक बयान में हरियाणा सरकार से मांग की है कि हरियाणा के कलाकारों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले राज्य सरकार द्वारा कला की विभिन्न विधाओं से जुड़े वरिष्ठ कलाकारों को हर वर्ष राज्य सरकार द्वारा सम्मानित करने की परम्परा रही है जो पिछले कई वर्षों से नहीं निभाई जा रही है जिससे हरियाणा के कलाकारों में भारी रोष पाया जा रहा है।



इसके साथ ही हरियाणा आर्टिस्ट्स फोरम ने हरियाणा में जिला स्तर पर कला भवन बनाए जाने की अपनी मांग को भी दोहराया है। फोरम की ओर से जसदीप बेदी ने कहा कि कला भवन बनने से युवा पीढ़ी को हरियाणा की कला एवं संस्कृति को समझने का बेहतर अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इस कला भवन में एक ऑडिटोरियम, रिहर्सल हाल व म्युजियम जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

बेदी ने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों व खिलाडियों को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत अचछे प्रयास कर रही है मगर प्रदेश के कलाकारों के लिए सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा में बनी फिल्मों को सबसिडी देने से हरियाणा में फिल्म उद्योग का भविष्य उज्जवल हुआ है। बेदी ने सरकार की उस घोषणा का भी स्वागत किया है जिसमें वयोवृद्ध कलाकारों के लिए पेंशन देने की बात कही गई है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही हरियाणा आर्टिस्ट्स फोरम का एक शिष्टमंडल हरियाणा के कलाकारों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि कला की विभिन्न विधाओं से जुड़े कलाकारों को रिहर्सल से लेकर कार्यक्रमों की प्रस्तुति तक बेहद परेशानियों से गुजरना पड़ता है। जिला स्तर पर कला भवनों का निर्माण होने से निश्चित तौर पर कलाकारों को बहुत बड़ी सहूलियत प्राप्त होगी जिससे विश्व स्तर पर हरियाणावी संस्कृति को पहचान मिलेगी। हरियाणा आर्टिस्ट्स फोरम ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उम्मीद जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा के कलाकारों की इन जायज मांगों को तुरंत पूरा करेंगे।